
# डॉ. कठेरिया ने डॉ. सच्चिदानंद जोशी को भेंट की अपनी पुस्तक



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में प्रवास पर आये इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ॰ सच्चिदानंद जोशी को जनसंचार विभाग के सहायक प्रो. डॉ धरवेश कठेरिया ने अपनी पुस्तक 'दूरदर्शन माध्यम और तकनीक' सप्रेम भेंट की। पुस्तक में तकनीक के साथ-साथ दूर और दर्शन के पुराने चित्र भी उकेरे गए हैं यह पुस्तक दूरदर्शन के इतिहास के साथ समय-समय पर दूरदर्शन में हो रहे बदलावों को भी बताती है। पुस्तक भेंट पर डॉ. जोशी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हिंदी विवि में आना सुखद एहसास की तरह होता है। डॉ. कठेरिया की पुस्तक पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक संचार और पत्रकारिता के छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है। पुस्तक में भारतीय संस्कृति, लोक-प्रसारण और बाजार की विस्तृत व्याख्या की गई है।





इस अवसर पर डॉ. कठेरिया ने डॉ. जोशी को उनकी और वरिष्ठ मीडिया विशेषज्ञ एवं पूर्व कुलपति अच्युतानन्द मिश्र की छायाचित्र को भी भेंट किया। पुस्तक भेंट के समय मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृपाशंकर चौबे, प्रो. अनिल कुमार राय, प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, बौद्ध अध्ययन विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरजीत कुमार और आईसीएसएसआर के पूर्व शोध सहायक नीरज कुमार उपस्थित रहे।

प्रस्तुति एवं छायांकन

**अविनाश त्रिपाठी**